


नवभारत 12
छिंदवाड़ा, गुरुवार, 6 अगस्त 2026

# सिल्लेवानी घाट में तेज ढलान और घुमावदार मोड़ बने खतरा

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,05 अगस्त. छिंदवाड़ा-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-547) पर स्थित सिल्लेवानी घाट जिले का सबसे संवेदनशील हादसा क्षेत्र माना जाता है। तेज ढलान, लगातार घुमावदार मोड़ और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। नागपुर और सौंसर की ओर आने-जाने वाले वाहन चालक इस घाट में नियंत्रण खो बैठते हैं, जिससे गंभीर हादसे सामने आते हैं।**

### मोही घाट में भारी वाहनों के साथ बाइक सवार भी हो रहे शिकार

पांढुर्ना क्षेत्र में मुलताई-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मोही घाट भी लगातार दुर्घटनाओं के कारण चर्चा में रहता है। यहां ट्रकों और बाइक चालकों से जुड़े हादसे अधिक सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चेतावनी संकेत और गति नियंत्रण के प्रभावी इंतजाम नहीं होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।



### भुमका घाटी में सुधार के नाम पर केवल औपचारिकता

छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग पर अमरवाड़ा और हर्रई के बीच स्थित भुमका घाटी भी लंबे समय से हादसों का केंद्र बनी हुई है। कुछ समय पहले यहां लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से दुर्घटनाग्रस्त कार रखी गई थी, लेकिन इसके बाद सुरक्षा संबंधी कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि केवल प्रतीकात्मक प्रयासों से दुर्घटनाएं नहीं रुकेंगी।

### झिरी घाट में अंधे मोड़ बढ़ा रहे जोखिम

छिंदवाड़ा-सारणी मार्ग (एसएच-45) पर स्थित झिरी घाट तीव्र ढलान और अंधे मोड़ों के कारण बेहद संवेदनशील मानी जाती है। यहां दृश्यता कम होने और मोड़ों की जानकारी समय पर नहीं मिलने से वाहन चालक अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इस मार्ग पर भी नियमित रूप से सड़क हादसे सामने आते हैं।

### बढ़ते हादसे बढ़ा रहे चिंता

जिले में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े भी चिंता बढ़ाने वाले हैं। वर्ष 2023 में 1,079 सड़क दुर्घटनाओं में 786 लोग घायल हुए और 373 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2024 में दुर्घटनाओं की संख्या 1,063 रही, लेकिन घायलों की संख्या बढ़कर 1,252 और मृतकों की संख्या 395 पहुंच गई। वहीं वर्ष 2025 में 1,105 सड़क दुर्घटनाओं में 1,298 लोग घायल हुए तथा 430 लोगों की जान चली गई। लगातार बढ़ते ये आंकड़े स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि यदि जल्द प्रभावी और स्थायी कदम नहीं उठाए गए तो जिले के हादसा-प्रवण क्षेत्र आने वाले समय में और अधिक जानलेवा साबित हो सकते हैं।

### विशेषज्ञों ने सुझाए ठोस उपाय

सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ एवं सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. रमेश सूर्यवंशी का कहना है कि जिन स्थानों पर लगातार हादसे हो रहे हैं, वहां की भौगोलिक परिस्थितियां दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं। ऐसे क्षेत्रों में वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था, बड़े चेतावनी बोर्ड और पर्याप्त संकेतक लगाए जाने चाहिए। बाहर से आने वाले वाहन चालकों को घाटों की जानकारी पहले से नहीं होती, जिससे वे दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार खतरनाक मोड़ों पर मजबूत क्रैश बैरियर लगाए जाएं, घाट क्षेत्रों में स्पीड कंट्रोल और आधुनिक चेतावनी प्रणाली विकसित की जाए। नियमित रोड सेफ्टी ऑडिट कर दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों की पहचान हो। रात्रिकालीन दृश्यता बढ़ाने के लिए पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाएं।

### वर्तमान में आठ स्थान ब्लैक स्पॉट घोषित

जिले में फिलहाल रामगढ़ी-सिवनी मार्ग, दूल्हादेव घाटी, प्रिंस ढाबा क्षेत्र, घाट परासिया, सिल्लेवानी घाटी, मोहखेड़ तिराहा, सिमरिया हनुमान मंदिर और झिरी घाट को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। हालांकि सड़क सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि दुर्घटनाओं के नए केंद्र उभर चुके हैं, इसलिए पूरे जिले का दोबारा सर्वे कराया जाना आवश्यक है।

# पुलिस द्वारा 24 घंटे के भीतर बालक की तलाश कर परिजनों को सौंपा



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,05 अगस्त. देहात थाना पुलिस ने लापता बालक की तलाश कर उसे 24 घंटे के भीतर ही ढूंढ निकाला और फिर उसे उसके परिजनों को सौंप दिया.**

पुलिस ने बताया कि ग्राम मानियाखापा निवासी बालकिशन चन्द्रवंशी 40 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराया था कि 3 अगस्त की सुबह 10.00 बजे उसका बडा बेटा जिगर चन्द्रवंशी घर मानियाखापा से अपने स्कूल कुण्डालीकला के लिये गया था. शाम करीब 05 बजे स्कूल से सभी बच्चे आ एवं छोटा बेटा दक्ष भी आ गया किन्तु बडा बेटा जिगर नहीं आया तो छोटा बेटा दक्ष ने बताया कि आज तो जिगर स्कूल में दिखा ही नही है फिर लड़का जिगर की खोजबीन आसपडोस, कुंडालीकला स्कूल व गांगीवाडा व आसपास के क्षेत्र मे किया रिस्तेदारी में फोन लगाकर पूछा एवं उसके दोस्तों से पूछा तो कोई जानकारी नही मिली. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर गुम बालक जिगर चन्द्रवंशी की सघनता से तलाश की गई। इस दौरान बालक जिगर चन्द्रवंशी बस स्टैन्ड छिन्दवाडा में मिला जिसे थाना लेकर आया गया एवं पूछताछ में बताया कि जामसांवली हनुमान मंदिर के दर्शन करने चला गया था एवं किसी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं होना बताया है। इस पर पुलिस ने बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी देहात जी. एस. राजपूत, सउनि राजेश रघुवंशी, प्र.आर. टीकाराम, सौरभ बघेल, आर. उमेश की विशेष भूमिका रही।

## भारतदेव बायोडायवर्सिटी पार्क में 2000 पौधे किए गए रोपित

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं शहर के हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत आज एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त सीपी राय के आदेश पर अभियान के तहत 23 एकड़ में फैले शहर के प्रमुख भारतदेव बायोडायवर्सिटी पार्क परिसर में 2000 पौधे रोपे गए। आयोजित कार्यक्रम में करंज, जामुन सहित विभिन्न फलदार, छायादार एवं पर्यावरण-अनुकूल प्रजातियों के पौधों का वृहद स्तर पर रोपण किया गया। इस महाअभियान की मुख्य विशेषता आम नागरिकों की व्यापक जनभागीदारी रही। कार्यक्रम में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय चंदनगांव के शिक्षकों एवं स्कूली स्टाफ ने विशेष रूप से उपस्थित होकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संवर्धन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों और आम नागरिकों ने न केवल पौधरोपण किया, बल्कि रोपे गए सभी 2000 पौधों की नियमित देखभाल और उनके शत-प्रतिशत संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया।

# भाजपा सरकार दे रही आम जनता को महंगाई का करंट : कांग्रेस

## विद्युत उपभोक्ताओं पर पड़ रही भारी भरकम बिजली बिलों की मार

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,05 अगस्त. भाजपा की सरकार में आम नागरिक चौतरफा महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। किसी भी स्तर पर राहत की कोई उम्मीद भी नजर नहीं आ रही। पेट्रोलियम पदार्थों के साथ ही खाद्य पदार्थों के बाद अब बिजली के बिल भी महंगाई का करंट मार रहा है।**

लगातार बिजली दरों की बढ़ती कीमतों ने बिजली उपभोक्ताओं का जेब खाली करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उक्त उदगार जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने व्यक्त किए। स्मार्ट मीटर की स्मार्ट नेस से विद्युत उपभोक्ताओं का बजट बिगड़ा हुआ है, खपत से बिजली बिलों की शिकायतें उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही, किन्तु समाधान कुछ भी नहीं हो रहा। म. प्र. में विद्युत वितरण कंपनी की मनमानी से बिजली उपभोक्ताओं पर दोहरा दबाव बढ़ रहा है एक ओर बिजली कंपनियों ने फ्यूल कास्ट एंड पावर परचेज एग्रीमेंट (एफसीपीपीए) सरचार्ज बढ़ाकर बिजली मंहगी कर दी। वहीं दूसरी ओर मानसून की की कमी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में घोषित व अघोषित बिजली कटौती ? 8 से 10 घंटे शुरू कर दी। बिजली कंपनियों ने एफसीपीपीए सरचार्ज 1.11 प्रतिशत से बढ़ाकर 3. 77 प्रतिशत कर दिया।

इसके चलते पिछले महीने की तुलना में बिजली बिल में 2.66 प्रतिशत अतिरिक्त सरचार्ज जुड़ेगा। इसका असर प्रदेश के 2 करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं पर पड़ेगा 200 से 300 यूनिट खपत करने वाले उपभोक्ताओं पर अगस्त माह से सीधे-सीधे पड़ेगा। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को मंहगी बिजली के साथ भारी भरकम बिजली बिल क्यों थमाये जा रहें हैं एवं ग्रामीण अंचलों में विधुत कटौती से जनता में हाहाकार क्यों मचा हुआ है इसी तरह शहरी क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली आम जनता के सरदर्द साबित हो रही है।

## जिले में अभी तक 501.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिंदवाड़ा.** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 501.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 598.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 05 अगस्त 2026 को प्रात- 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.0 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 05 अगस्त 2026 को प्रात- 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील चौरई में 01 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 321.2, मोहखेड़ में 382.3, तामिया में 502, अमरवाड़ा में 528.8, चौरई में 592.8, हर्रई में 546.5, बिछुआ 444.5, परासिया में 366.1, जुन्नारदेव में 475.2, चांद में 639.7 और उमरेठ में 565.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# बस स्टेंड से नागपुर रोड तक चला रोको-टोको अभियान

### अतिक्रमण हटाकर दुकानदारों व अस्पताल संचालक को दी सख्त हिदायत



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,05 अगस्त. छिंदवाड़ा। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने तथा आम नागरिकों की राह आसान करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गई है।**

निगम की टीम के द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख और व्यस्त क्षेत्रों में वृहद रोको-टोको अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के अंतर्गत मानसरोवर कॉम्प्लेक्स से लेकर फव्वारा चौक तक सार्वजनिक सड़क एवं फुटपाथ पर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को तत्काल हटवाया गया। इसके उपरांत फव्वारा चौक से नागपुर रोड स्थित इमलीखेड़ा चौराहे तक रोको-टोको अभियान चलाकर सभी फुटकर व्यापारियों को सड़क व फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करने की कड़ी हिदायत दी गई। इसी क्रम में, चार फाटक ओवरब्रिज के नीचे अव्यवस्थित ढंग से बैठे फुटकर व्यापारियों को सड़क से हटाकर निर्धारित स्थानों पर व्यवस्थित कराया गया।

साथ ही छोटे तालाब मार्ग से होते हुए आदिवासी म्यूजियम (संग्रहालय) तक अभियान चलाकर दुकानदारों एवं फुटकर व्यापारियों को अपनी सीमाओं में रहकर व्यापार करने की समझाइश दी गई। इसी मार्ग पर स्थित दुबे नर्सिंग होम के संचालक को भी अपने परिसर के निर्धारित क्षेत्र में ही वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बुधवार को बड़वन क्षेत्र अंतर्गत नागपुर रोड स्थित शराब दुकान के सामने भी मुस्तैदी से कार्रवाई की गई।

# अब राखी विदेश भेजना हुआ आसान

## रक्षाबंधन पर डाक विभाग की विशेष सुविधा ,राखी बुकिंग काउंटर शुरू



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,05 अगस्त. रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राखी डाक की संभावित अधिक मात्रा एवं ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रधान डाकघर छिंदवाड़ा में 03 अगस्त से 27 अगस्त तक (रविवार एवं अवकाश को छोड़कर) प्रतिदिन प्रात: 6:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक विशेष राखी डाक/पार्सल बुकिंग काउंटर संचालित किए जा रहे हैं।**

रविवार और अवकाश के दिन को छोड़कर सभी दिन पार्सल बुकिंग काउंटर खुले रहेंगे। छिंदवाड़ा डाकघर अधीक्षक ने बताया कि इस विशेष काउंटर पर स्पीड पोस्ट एवं पार्सल सेवा के माध्यम से राखी और उपहार सामग्री की बुकिंग की जा सकेगी। साथ ही विदेशों में रहने वाले भाई-बहनों के लिए इंटरनेशनल स्पीड पोस्ट सेवा एवं ट्रैकिंग सुविधा के साथ कई देशों तक राखी भेजने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। सावन माह के अवसर पर डाक विभाग द्वारा श्रद्धालुओं के लिए गंगाजल का वितरण भी किया जाएगा। डाक विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे इस विशेष सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# प्रशिक्षुओं ने सीपीआर व रेस्क्यू टेंट संचालन का लिया प्रशिक्षण

### आपदा मित्र को सिखाया घायल व्यक्ति को सीपीआर देने एवं वैकल्पिक आवास बनाने की विधि

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,05 अगस्त. आपदाओं के समय क्या करे ओर क्या ना करे की जानकारी देने के लिए आपदा मित्र का सात दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय ओलंपिक एसोसिएशन खेल एवं युवा कल्याण के परिसर मे जिला होमगार्ड कमांडेट स्नेहलता पाठ्या के मार्गदर्शन मे किया जा रहा हे ।**

रिसोर्स परसन एवं सब डिवीजन वार्डन श्यामल राव ने बताया की सात दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन विभिन्न आपदाओं के समय पुनर्वास एवं सी पी आर देने की प्रक्रिया बताई गई । रिसोर्स परसन गणेश धुर्वे ने बाढ़ आपदा के समय जान माल की क्षति होने की स्थिति मे आवास हीन ,एवं आपदा से पीड़ित व्यक्तियों को वैकल्पिक आवास स्थापित करने के लिए टेंट लगाने की व्यवस्था के लिए आपदा मित्रो को उक्त सुरक्षित स्थल पर टेंट लगाने एवं निकालने की विधि एवं लगने वाली सामग्रियों की जानकारी दी गई ।

जिससे की विषम स्थिति मे इनकी मद्त लेकर टेंट स्थापित किया जा सके । एस डी ई आर एफ के दीपेंद्र वरकड़े एवं राजा मर्सकोले ,स्पर्श यिदव,अजय धुर्वे, सुमित शर्मा, अंकित पांडे, प्रवुण धुर्वे ने आपदा मित्रो को सी पी आर क्या हे सी पी आर किसे देना है ,क्या सावधानी रखना, ओर घायल व्यक्ति को केसे देना हे की विस्तृत जानकारी देकर आपदा मित्रो से अभ्यास करवाया गया । आयोजन मे एस डी आर एफ के ओर होमगार्ड के कर्मचारियों ने सहयोग दिया ।

# एफडीडीआई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 9 वा इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इम्पोर्टेंस -डे

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,05 अगस्त. फुटवियर डिज़ाइन एवं विकास संस्थान परिसर में आज 9 वां इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इम्पोर्टेंस-डे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महर्षि विद्या मंदिर स्कूल छिंदवाड़ा की प्राचार्य सुश्री श्रद्धा श्याममोहन त्रिपाठी थीं।**

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. विनीत वर्मा ने उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि 5 अगस्त को लोकसभा एवं राज्यसभा द्वारा विधेयक पारित होने के उपरांत भारत सरकार ने एफडीडीआई को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान आईएनआई का दर्जा प्रदान किया था। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 5 अगस्त को एफडीडीआई के देशभर के सभी 12 परिसरों में आईएनआई-डे उत्सव के रूप में मनाया जाता है। छिंदवाड़ा परिसर के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को कौशल-आधारित शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में कौशल एवं हुनर ही रोजगार और सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी गलतियों से सीख लेकर निरंतर आगे बढ़ने तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य सुश्री त्रिपाठी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ उत्तम चरित्र निर्माण, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर बल देते हुए जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी।

## सांसद बंटी साहू ने मरीज को दिलाई 65 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक मरीज को 65 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। यह राशि मिलने से मरीज का छिन्दवाड़ा के अस्पताल में ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गंभीर रूप से बीमार मरीज के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद श्री साहू से संपर्क करते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुये सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान मद से अमरवाड़ा के ग्राम कहुआ निवासी अरविन्द पिता अमरचंद उइके को 65 हजार की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई है। उक्त राशि मिलने से छिन्दवाड़ा के अस्पताल में भर्ती मरीज का बेहतर इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

**कार्रवाई** परिवहन विभाग की टीम ने की शहरी क्षेत्र में 40 स्कूल वाहनों की जांच

# आनियमित्ताएं पाए जाने पर पांच स्कूल वाहनों को किया जब्त




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,05 अगस्त. लगातार मिल रही स्कूल वाहनों की शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने आज शहरी क्षेत्र में 40 स्कूल वाहनों की जांच की और आनियमित्ताएं पाए जाने पर पांच स्कूल वाहनों को जब्त कर लिया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला के निर्देशन में परिवहन विभाग की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में संचालित स्कूल वाहनों की सघन जांच की गई। जांच अभियान के दौरान छोटे-बड़े लगभग 40 स्कूल वाहनों की जांच की गई।

इस दौरान वाहनों के समस्त दस्तावेज, चालक के ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं का परीक्षण किया गया।

जांच में कमियां पाए जाने पर स्कूल वाहन क्रमांक एमपी 09 एफए 2145, एमपी 09 डीडी 2416, एमपी 28 बीडी 1848, एमपी 28 बीडी 2258 एवं एमपी 28 आर 1413 को जब्त कर परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। जांच अभियान के दौरान स्कूल वाहन संचालकों एवं चालकों को मोटरयान अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के अनुरूप ही वाहनों का संचालन करने की समझाइश दी गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि नियमों में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

B.Tech ADMISSION OPEN 2026-27
अभी कॉल करें
6262110029
9111355846
रविवार को भी कॉलेज खुला है
ऐनी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च सेंटर, छिंदवाड़ा
CSE | CE | ME | ECE | AU
600+ प्लेसमेंट
SC/ST Free Education with Government Scholarships*
OBC एवं EWS छात्रों हेतु विशेष फीस सहायता
12वीं (PCM) के अंकों के आधार पर प्रवेश
600+ प्लेसमेंट
अनुभवी फैकल्टी
आधुनिक लैब एवं प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
सीमित सीटें
सफलता की नई मिसाल!
शैक्षणिक सत्र 2025-26 का 100% परीक्षा परिणाम!
सभी छात्रों के लिए FREE AI TRAINING + CERTIFICATE
AI | Data Science | Industry Skills
हवाई पट्टी के पास, बैतूल रोड, छिंदवाड़ा | www.aitrc.net

IPS COLLEGE
B.Sc. BIOINFORMATICS
ESTD-2001 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
Honours with Research
B.B.A. Honours
B.C.A. M.Sc. CS
B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

मानवता हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
डॉ. आशुतोष सिन्हा
(कंसल्टेंट फिजिशियन)
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी।* फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589